**Roll No. :__________**

***Please check that this question paper contains 17 questions and 13 printed pages*.**

# D.A.V. INSTITUTIONS, CHHATTISGARH
## PRACTICE PAPER
## CLASS: X
## SUBJECT: HINDI -A

**TIME: 3 HOURS** **MAX MARKS: 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड ब' खंड-अ में वस्तुपरक बहुविकल्पी और खंड-ब में वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक प्रश्न दिए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 14 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 10 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

**खंड- 'अ'**

(**बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न )अंक40**

**प्रश्न1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5)**

निस्संदेह, जब तक किसी इंसान में मानवता की सेवा की भावना नहीं है, तब तक उसके अंदर त्याग, उदारता, अपनत्व, भाईचारा जैसे गुणों का समावेश नहीं हो सकता। मानवता को मन में धारण करने से स्वहित की दुर्भावना नष्ट हो जाती है और इंसान का जो व्यक्तित्व राई के दाने के समान लघु था, वही विराट रूप ग्रहण करने लगता है। आज के इस युग में जो विसंगतियाँ सुरसा के समान मुँह फैलाए खड़ी है, उनका सबसे बड़ा कारण यही है कि इंसान ने मानवता के स्थान पर स्वहित को ही अपना सबसे बड़ा धर्म मान लिया है। आज इंसान के अंदर अनेकानेक बुराइयों ने घर कर लिया है। अतः इस स्थिति से उबरने के लिए हमें यह विचार करना है कि कैसे इस पूजित धरती पर मानवता को सर्वोपरि धर्म मानने के आदर्श को पुनः हृदय से अपनाया जाए, क्योंकि ऐसा किए बिना मानवता के उत्थान की बात सोचना भी बेमानी होगा। सच्चा मानव वहीं कहलाता है, जो दूसरों की पीड़ा को दूर करने का प्रयत्न करता है। वह स्वयं भी आगे बढ़ता है और दूसरों को भी आगे बढ़ने में सहायता करता है।

**(i). मानवता की सेवा करने से व्यक्तित्व में इन गुणों का समावेश हो जाता है-**

(क) स्वार्थ, लालसा, भाईचारा जैसे गुणों का (ख) निस्वार्थ, लालची, परोपकारी जैसे गुणों का

(ग) त्याग, उदारता, अपनत्व, भाईचारा जैसे गुणों का
(घ) त्याग, बलिदान, संवेदनहीन, भाईचारा जैसे गुणों का

**(ii) स्वहित की दुर्भावना से व्यक्तित्व निर्मित होता है-**

(क) किसी को मुँह दिखाने लायक न रहना। (ख) राई के दाने के समान बहुत छोटा रह जाना।
(ग) हर समय अपने लाभ के बारे में ही सोचते रहना।
(घ) शारीरिक और मानसिक विकास न हो पाना

**(iii) इंसान का व्यक्तित्व विराट रूप लेता है। इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए।**

1. स्वहित की भावना को धारण करने पर
2. दूसरों के दुखों को जानकर
3. मानवता को मन में धारण करने पर।

(क) 1 सही हैं। (ख) 2 सही है।
(ग) 3. सही हैं। (घ) 1 और 2 सही हैं।

**(iv) सही विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**
**............ मानवता के उत्थान की बात सोचना बेमानी होगा।**

(क) सत्य बोले बिना
(ख) मानवता कोसर्वोपरि धर्म मानने के आदर्श को हृदय से अपनाए बिना
(ग) परिश्रम किए बिना
(घ) आलस्य त्यागे विना

**(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

कथन (A): सच्चा मानव वही कहलाता है जो दूसरों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करता है।
कारण (R) : वह स्वयं भी आगे बढ़ता है और दूसरों को भी आगे बढ़ाने में सहायता करता है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5-5)**

सच हम नहीं सच तुम नहीं
सच है सतत संघर्ष ही
संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम ।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृत से झरकर कुसुम
जो पंथ भूल  रुका नहीं
जो हार देख झुका नहीं
जिसने प्रणेय पाथेय माना जीत उसकी रही
सच हम नहीं, सच तुम नहीं
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे
जो है जहाँ चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे
जो भी परिस्थितियाँ मिलें
कांटे चुभे कलियाँ खिलें
टूटे नहीं इनसान, बस संदेश जीवन का वही।
सच हम नहीं, सच तुम नहीं
हमने रचा आओ हमीं तोड़ दे इस प्यार को।
यह क्या मिलन, मिलना यही जो मोड़ दे मझधार को।
जो साथ फूलों के चले,
जो ढाल पाते ही ढले
यह जिंदगी क्या जिंदगी जो सिर्फ पानी-सी बही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं
अपने हृदय का सत्य अपने आप हमको खोजना।
अपने नयन का नीर अपने आप हमको पोंछना।
आकाश सुख देगा नहीं धरती पसीजी है कहीं।
हर एक राही को भटककर ही दिशा मिलती रही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।

(i**) पद्यांश का संदेश है-**

(क) निरंतर संघर्ष करते रहना ।
(ख) कष्टों से बचना।।
(ग) भयभीत होकर लक्ष्य का त्याग करना ।
(घ) लक्ष्य प्राप्ति के लिए समझौता करना।

**(ii) रिक्त स्थान की पूर्ति सही विकल्प से कीजिए-**
**जो संघर्ष करने से पीछे हट गया, उसका जीवन............माना गया है-**

(क) मरे हुए के समान
(ख) सबसे अच्छा
(ग) पशुओं के समान
(घ) फूलों के समान

**(iii) जीत उसको मिलती है-**
(क) जो काम करता है। (ख) जो रुकता हुआ चलता रहा।
(ग) जिसने लक्ष्य को मिलन का रास्ता बना लिया।
(घ) जो हँसता हुआ चलता रहा।

**(iv) 'अपने आप से लड़ना' का तात्पर्य है--**

(क) अपने जान-पहचान वालों से लड़ना (ख) परिस्थितियों से भागना
(ग) अपने मन में लड़ाई करना
(घ) परिस्थितियों का साहस से सामना करना

(V**) कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए:**
कथन (A) ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।।
कारण (R) जो है जहाँ चुपचाप अपने से लड़ता रहे।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) व कारण (R) सही है और कथन (A), कारण (R) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) व कारण (R) सही हैं और कथन (A), कारण (R) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1 × 4 = 4)**

**(i) संयुक्त वाक्य का उदाहरण है-**

(क) पेट भरा, तन ढँका होने पर भी ऐसा मानव जो वास्तव में संस्कृत है, निठल्ला नहीं बैठ सकता।
(ख) एक संस्कृत व्यक्ति किसी नई चीज की खोज करता है किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही मिल जाती है।
(ग) पेट भरने और तन ढकने की इच्छा मनुष्य की संस्कृति की जननी है ।

(घ) आज तो घर-घर चूल्हा जलता है।

**(ii) न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। - सरल वाक्य में बदलिए ।**

(क) न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया, जो संस्कृत मानव था।
(ख) न्यूटन जिसे संस्कृत मानव कहा था, उसने गुरुत्वाकर्षण का आविष्कार किया।
(ग) संस्कृत मानव न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया।
(घ) न्यूटन एक संस्कृत मानव था जिसने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया।

**(iii) इसी बालसुलभ हँसी में कई यादें बंद हैं। - सरल वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए-**

(क) यह वही बालसुलभ हँसी हैं जिसमें कई यादें बंद हैं।
(ख) यह बालसुलभ हँसी है और इसमें कई यादे बंद हैं।
(ग) यह बालसुलभ हँसी है तथा इसमें कई यादें बंद हैं।
(घ) कई यादें इसी बालसुलभ हँसी में बंद हैं।

**(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे सही विकल्प चुनिए-**

1. पाँच बजे नहीं कि मजदूर चले गए
2. मैंने एक आदमी को देखा जो बहुत बीमार था।
3. रवि ने अपने मित्र से कहा कि वह भी बाज़ार चले।
4. जो परिश्रम करता है, उसे सब चाहते हैं।

(क) 1 सही है।  (ख) 2 व 3 सही हैं।  (ग) 3 व 4 सही हैं।  (घ) 1, 2, 3 और 4 सही हैं।

**v) सूची 1 को सूची 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

| सूची -1 | सूची - 2 |
|---|---|
| 1. मेरे पास गोदान है और इसे प्रेमचंद ने लिखा है। | (i) सरल वाक्य |
| 2. मेरे पास गोदान है, जिसे प्रेमचंद ने लिखा है। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| 3. मेरे पास प्रेमचंद का लिखा गोदान है। | iii) मिश्र वाक्य |

विकल्प

(क) 1- (iii), 2- (i), 3- (ii)   (ख) 1- (ii), 2- (iii), 3- (i)

(ग) 1- (ii), 2- (i), 3- (iii)  (घ) 1- (i), 2- (ii), 3- (iii)

**प्रश्न4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकलपीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1 × 4 = 4)**

**(i)  सूची (1) को सूची (2) के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

| सूची -1 | सूची - 2 |
|---|---|
| 1) ऋषभ द्वारा प्रिन्ट का काम कर लिया गया है। | (i) कर्तृवाच्य |
| (2) हमारी टीम ने नाटक महोत्सव में बेहतरीन प्रदर्शन किया | (ii) कर्मवाच्य |
| (3) विपक्षी पार्टी से संसद भवन पर रूका नहीं जा सका | (iii) भाववाच्य |

विकल्प

(क) (1)-(ii), (2)- (i), (3)-(iii)
(ख) (1)-(i), (2)- (iii), (3)-(ii)
(ग ) (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(i)
(घ) (1)- (i), (2)-(ii), (3)-(iii)

**(ii) मुझसे बाज़ार नहीं जाया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)**

(क) मेरे द्वारा बाज़ार नहीं जाया जाएगा
(ख) मैं बाज़ार नहीं जाऊँगा / जाऊँगी
(ग) मैं बाज़ार नहीं जा रहा हूँ / जा रही हूँ
(घ) मैं बाज़ार नहीं गया / गई

**(iii) निष्ठावान लोग निष्ठापूर्वक काम किया करते हैं। (वाच्य पहचानिए)**

(क) कर्तृवाच्य   (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य   (घ) इनमें से कोई नहीं

**(iv) उमेश हँसा । (भाववाच्य में बदलिए)**

(क) उमेश हँस नहीं सका (ख) उमेश से हँसा गया

(ग) उमेश से नहीं हँसा गया

घ) उमेश से हँसा जाता है

**(v) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य वाला वाक्य छाँटकर लिखिए-**

(क) आज मैच खेला जाएगा (ख) मनीष गाना गा रही है

(ग) माँ खाना पका रही है(घ) बच्चा रोया

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×4= 4)**

**(i) '<u>यह</u> लड़का बहुत अच्छा है।' रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा-**

(क) निश्चयवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन

(ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन

(ग) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन

(घ) सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन

(ii) **मेरा मित्र <u>दसवीं</u> कक्षा में पढ़ता है। रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा-**

(क) संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन 'कक्षा', विशेष्य का विशेषण

(ख) संख्यावाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन 'कक्षा', विशेष्य का विशेषण

(ग) संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन 'कक्षा' विशेष्य का विशेषण

(घ) संख्यावाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन 'कक्षा' विशेष्य का विशेषण

**(iii) '<u>वाह!</u> कितना सुदर दृश्य है।' रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा-**

(क) अव्यय, संबंधबोधक, हर्षसूचक

(ख) अव्यय, समुच्चयबोधक, हर्षबोधक

(ग) अव्यय, विस्मयादिबोधक, हर्षबोधक

(घ) अव्यय, विस्मयादिबोधक, शोकसूचक

**(iv) पिता जी ने पत्र <u>लिखा।</u> रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा-**

(क) सकर्मक क्रिया, कर्म-पत्र, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य
(ख) अकर्मक क्रिया, कर्म-पत्र, सामान्य भूतकाल, कर्मवाच्य
(ग) सकर्मक क्रिया, कर्म-पत्र, वर्तमान काल, कर्मवाच्य
(घ) अकर्मक क्रिया, कर्म-पत्र, वर्तमान काल, कर्मवाच्य

**(v) कोई बहुत देर से बाहर खड़ा है।' रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-**

(क) संबंधवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ग) निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक
(घ) अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर: दीजिए- (1×4=4)**

**(i). "यों वीरवर अभिमन्यु तव शोभित हुआ उस काल में। सुंदर सुमन ज्यों पड़ गया हो, कंटकों के जाल में।।"**
**इन काव्य पंक्तियों में अलंकार है-**

(क) अतिशयोक्ति (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) श्लेष (घ) मानवीकरण

**(ii). "हे रजनी वाले! सजधज कर तुम कहाँ चली।" इन काव्य पंक्तियों में अलंकार है-**

(क) उत्प्रेक्षा (ख) श्लेष
(ग) अतिशयोक्ति (घ) मानवीकरण

**(iii). "सुबरन को ढूँढ़त फिरत कवि व्यभिचारी चोर। " इन काव्य पंक्तियों में अलंकार है-**

(क) मानवीकरण (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) श्लेष (घ) अतिशयोक्ति

**(iv). "जगी वनस्पतियाँ अलसाई मुँह धोया शीतल जल से।" इस काव्य पंक्तियों में अलंकार है-**

(क) मानवीकरण (ख) श्लेष
(ग) उत्प्रेक्षा (घ) अतिशयोक्ति

**(v). “प्रेरणा साथ छोड़ती हुई, उत्साह अस्त होता हुआ। " इन काव्य पंक्तियों में अलंकार है-**

(क) उत्प्रेक्षा (ख) मानवीकरण

(ग) अतिशयोक्ति (घ) श्लेष

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5)**

नहीं साब! वो लंगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में पागल है पागल वो देखो, वो आ रहा है। आप उसी से बात कर लो। फोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं। हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लंगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बॉक्स पर टंगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली में निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं। फेरी लगाता है! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं।

(i) **प्रस्तुत गद्यांश में देशभक्त किसे कहा गया है?**

(क) हालदार साहब को ।

(ख) कैप्टन चश्मेवाले को।

(ग) सामान्य आदमी को।

(घ) लेखक को।

(ii) **पानवाले की कौन-सी बात हालदार साहब को अच्छी नहीं लगी?**

(क) मूर्ति बनानेवाले का अपमान ।

(ख) हालदार साहब पर हँसना।

(ग) मूर्तिकार के कार्य पर टीका-टिप्पणी।

(घ) एक देशभक्त का मजाक उड़ाना।

(iii) **चश्मेवाला एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस क्यों टिका रहा था?**

(क) उसकी अपनी कोई दुकान नहीं थी।

(ख) उसे किसी से बात करनी थी।

(ग) यह दुकान बाज़ार के बीचों-बीच थी।

(घ) वह उसके जानकार की दुकान थी।

**(iv) हालदार साहब पानवाले से कैप्टन चश्मेवाले के बारे में क्या पूछना चाहते थे?**

(क) चश्मेवाला फेरी क्यों लगाता है?
(ख) वह चश्मे कब से बेच रहा है?
(ग) इसे कैप्टन क्यों कहते हैं?
(घ) वह कहाँ रहता है?

**(v) हालदार साहब किस कारण कैप्टन के बारे में और जानकारी प्राप्त नहीं कर सके ?**

(क) पानवाले ने इस बारे में बात करने से मना कर दिया।
(ख) पानवाला कैप्टन के बारे में अधिक नहीं जानता था।
(ग) हालदार साहब के पास समय की कमी थी।
(घ) कैप्टन ने जानकारी देने से मना कर दिया।

**प्रश्न 8. 'क्षितिज' के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1×2=2)**

**(i) लेखिका मन्नू भंडारी के पिता स्वभाव से कैसे थे?**

(क) क्रोधी एवं शक्की
(ख) हंसमुख एवं विनोद प्रिय

(ग) प्रसन्नचित्त
(घ) दुष्ट एवं रूढ़िवादी

**(ii) किन दो बहनों के गाए टप्पे, ठुमरी दादरा को सुनकर बिस्मिल्ला खाँ की संगीत के प्रति रुचि बढ़ी थी?**

(क) असूलन और सतुल
(ख) कुलसुम और बतुल
(ग) असलन और मसलन
(घ) रसूलन और बतूलन

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5)**

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,

मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन इतिहास
यह तो करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य मलिन उपहास
तब भी कहते हो कह डाँलू दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे यह गागर रीती।

**(i) इस काव्यांश में मधूप का क्या अर्थ है?**

(क) माधुरी (ख) भंवरा
(ग) मन रूपी भंवरा (घ) पराग

**(ii) कवि जीवन की दुर्बलताओं को क्यों नहीं लिखना चाहते?**

(क) दूसरे लोग कवि का मजाक उड़ाएँगे (ख) कवि के पास समय नहीं
(ग) अपनी कमजोरियों को जग जाहिर नहीं करना चाहते.
(घ) क तथा 'ग' दोनों सही हैं।

**(iii) कवि ने अपने मन को क्या कहा है?**

(क) सागर (ख) मधुप
(ग) नीलिमा (घ) इतिहास

**(iv) 'गागर रीति' किसका प्रतीक है?**

(क) असफल जीवन का
(ख) सफल जीवन का
(ग) खाली घड़े का
(घ) दुखी जीवन का

**(v) दूसरी पंक्ति में पत्तियाँ' शब्द किसके लिए आया हे?**

(क) हरे-हरे पत्तों के लिए (ख) धन के लिए
(ग) जीवन में मिलने वाले सुख तथा आनंद के लिए
(घ) जीवन में मिलने वाले दुख तथा पीड़ा के लिए

**प्रश्न 10. पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1× 2 = 2)**

(i**) उत्साह किस प्रकार की कविता है?**

**(**क)आह्वान गीत (ख)राष्ट्र गीत

(ग)उल्लास गीत (घ)उपयुक्त सभी

(ii**) परशुराम ने अपने फरसे से किसका वध किया था ?**

(क) अष्टबाहु (ख) सहस्रबाहु

(ग) अहिरावण (घ) रावण का

**खंड- 'ब' ( वर्णनात्मक प्रश्न)** **(40 अंक)**

**प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2 × 3 = 6)**

(क) पाठ के आधार पर बताएँ कि बालगोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा किन-किन रूपों में प्रकट हुई है?

(ख) 'लखनवी अंदाज व्यंग्य के माध्यम से लेखक क्या सिद्ध करना चाहते हैं?

(ग) ऐसे क्या कारण थे, जिनकी वजह से लेखिका के मन में हीन भावना पैदा हो गई थी?

(घ) यह क्यों कहा गया कि महत्व मूर्ति के रंग-रूप या क़द का नहीं, उस भावना का है? पठित पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

**12. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:** **(2 x 3 = 6)**

(क) उद्धव ज्ञानी थे, नीति की बातें जानते थे, गोपियों के पास ऐसी कौन-सी शक्ति थी, जो उनके वाक्चातुर्य में मुखरित हो उठी?

(ख) श्रीराम ने लक्ष्मण को नयनों के संकेत से चुप रहने के लिए क्यों कहा?

(ग)बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है? पठित कविता दंतुरित मुसकान के आधार पर लिखिए।

(घ) संगतकार' कविता में कवि ने आम लोगों से क्या अपेक्षा की है?

**13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** **(4×2= 8 )**

(क) भोलानाथ अपने मित्रों के साथ घंटों घर से बाहर खेला करते। आप अपने मित्रों के साथ कौन-कौन से खेल और किस प्रकार खेलना पसंद करेंगे, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकर और मित्रता को बढ़ावा देने वाले हों?

(ख) एक संवेदनशील युवा नागरिक के रूप में पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में आपकी क्या भूमिका हो सकती है? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ को ध्यान में रखकर उत्तर दीजिए।

(ग) लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया? अपने शब्दों में लिखिए।

**14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-**
**(6 x 1 = 6)**

**(क) मानवता सर्वश्रेष्ठ धर्म**

**संकेत- बिंदु** • भौतिकवादी युग ,
बढ़ता स्वार्थ ,
प्रकृति से सीख ,
जीवन की सार्थकता परोपकार में ही निहित

**(ख) अंधविश्वास भारतीय समाज का कोढ़**

**संकेत- बिंदु** • मुख्य कारण शिक्षा की कमी,
सही जानकारी का अभाव तथा धर्म का प्रभाव ,
, शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार

**(ग) भारत में पर्यटन**

**संकेत बिंदु** • भूमिका ,प्रमुखपर्यटन स्थल , पर्यटन का महत्व

**15. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5 x 1 = 5)**

आप तेजस्वी / तेजस्विनी है। आप बस द्वारा यात्रा कर रहे थे। इस दौरान आपके शैक्षिक प्रमाणपत्रों का बैग बस में ही छूट गया था। बस में छूटे सामान का पता लगाने के लिए परिवहन निगम के मुख्य प्रबंधक को एक पत्र लिखिए

**अथवा**

आपके मित्र ने राष्ट्रस्तरीय अंतर्विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 3000 मीटर तथा 5000 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 16.** आप करुणा/करण हैं। आप बी. एड. कर चुके हैं। आपको सर्वोदय कन्या महाविद्यालय, अ.ब.स. नगर में अध्यापिका /अध्यापक पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। **(5×1-5)**

**अथवा**

आपका नाम अनामिका/ अमित है। आपने अपना खराब लेपटॉप ठीक होने के लिए दिया, पर एक सप्ताह बीत जाने पर वापिस नहीं मिला। उसे जल्दी प्राप्त करने के लिए कंपनी के मैनेजर को ई-मेल लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 17. रेलवे के सुरक्षा नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (**4×1-4)**

**अथवा**

आप सोनी/ सोनू है। ओणम की शुभकामनाएं देते हुए अपनी मौसी के लिए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।